

# राजनैतिक नहीं आपसी रंजिश में कार से नेताओं को मारी टक्कर

**खास बातें**

- हाईप्रोफाइल मामले में पुलिस ने किया खुलासा
- पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, कार भी जब्त की



नवभारत न्यूज

**विदिशा 18 जुलाई, पार्षद प्रतिनिधियों को टक्कर मारने वाली कार को पुलिस ने 6 दिन बाद भोपाल से बरामद कर ली है. साथ ही वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. 13 जुलाई देर रात को दो पार्षद प्रतिनिधि जमना कुशवाह और धर्मेन्द्र सक्सेना को अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी थी. इस हादसे के बाद कई लोगों ने अपने-अपने स्तर से कयास लगाए. विदिशा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने पार्षद और पार्षद प्रतिनिधियों के साथ और कायस्थ समाज के लोगों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग का ज्ञापन सौंपा आखिरकार पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए कार को जप्त किया है.**

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने कि पुराने विवाद के चलते आरोपियों ने इस घटना को अंजाम दिया था रोहित काशवानी ने बताया कि 13 जुलाई की रात को करीब 2 बजे जमना प्रसाद कुशवाह अपने मित्र धर्मेंद्र सक्सेना के साथ स्कूटी से नई गल्ला मंडी से घर लौट रहे थे। लड्डा एजेंसी वाली गली के मोड़ पर एक अज्ञात वाहन ने तेज गति व लापरवाही से उनकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी. हादसे में दोनों घायल हो गए और आरोपित वाहन चालक मौके से फरार हो गया. घायलों को उनके मित्र नीरज पाल द्वारा शंकर अस्पताल पहुँचाया गया. फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपितों पर धारा 281, 125 ए, 109 बीएनएस एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई.

### 350 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले गये

एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए 350 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए इस दौरान एक धुंधली नेम प्लेट से महत्वपूर्ण सुराग मिला, जिसे अपने गुप्त सूत्रों के माध्यम से परखा गया. तत्पश्चात मुखबिरों की सूचनाएँ एकत्रित कर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ग्रे रंग की बलेनो कार जप्त कर ली और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. जिसमें इस दौरान 200 से 250 लोगों से पूछताछ की गई. रितिक जैन उर्फ शालू पिता राजेंद्र जैन उम्र 26 वर्ष, निवासी स्वर्णकार कॉलोनी, कार्तिक जैन पिता दीपक जैन उम्र 19 वर्षनिवासी गल्ला मंडी गेट, प्रदुमन राजपूत पिता वीरेंद्र राजपूत उम्र 22 वर्ष निवासी काशीपुर शामिल हैं.

### जैसे ही मौका मिला कार से ठोक दिया

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जमना कुशवाह ने पहले भी रितिक जैन को किसी विवाद के चलते चांटा मार दिया था। उसी का बदला लेने के लिए रितिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर काफी दिनों से योजना बनाई थी। मौका मिलते ही अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि दोनों को चोट आई की नहीं इसे देखने के लिए पहले से उसके साथ ब्रिज पर थे। वारदात को अंजाम देने के बाद कार कुआखेड़ी कि ओर चली गई थी. दूसरे दिन सुबह कार को आरोपित भोपाल के अशोका गार्डन ठीक कराने के लिए लेकर गया था.

# स्वास्थ्य विभाग का दिखावा, कार्यवाही के नाम बस नोटिस जारी

**वक्त पर नहीं मिली एंबुलेंस, बाईक पर ले जाना पड़ा था शव**

**ब्लाक स्तर पर शव को पहुंचाने एसओपी लागू होगी**

नवभारत न्यूज

**विदिशा 18 जुलाई, कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने राजीव गांधी जनचिकित्सालय सिरोंज में समय पर 108 एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं होने तथा बच्चे का शव को दो पहिया वाहन से घर ले जाने के मामले संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे.**

मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रामहित कुमार ने प्रकरण को त्वरित संज्ञान में लेते हुए घटना को शर्मसार बताया और प्रकरण की समुचित जांच कराने तथा संबंधित को शोकाज नोटिस जारी किए हैं. इसके अलावा खंड स्तरीय अस्पतालों से शव को घर तक पहुंचाने हेतु एक पृथक से एसओपी जारी कर क्रियान्वयन कराने की बात कही है. सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार ने बताया कि 108 एम्बुलेंस के द्वारा रिस्पांस टाइम में नहीं पहुंचने की शिकायत दर्ज कराई गई है .वही उक्त प्रकरण में राजीव गांधी जन चिकित्सालय सिरोंज में पदस्थ संबंधित चिकित्सक, नर्सिंग ऑफिसर को प्रभारी विकासखंड अधिकारी सिरोंज के द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए.

## नगद इनाम की घोषणा

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना कोतवाली विदिशा में दर्ज अपराध के अज्ञात फरार आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए पांच हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है. थाना कोतवाली में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 538/2025 का फरार अज्ञात आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए पांच हजार रूपए का नगद इनाम घोषित किया गया है.सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा.

# युवती से की छेड़छाड़, इलाके में लहराई तलवार

**विरोध करने पर दी धमकी, एक युवक को हिरासत में लिया**

नवभारत न्यूज.

**विदिशा,** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आचार्य कॉलोनी में रहने वाली एक युवती ने आज एसपी के नाम लिखित ज्ञापन एएसपी प्रशांत चौबे को सौपा, जिसमें उन्होंने बताया कि एक दिन पहले पड़ोस में रहने वाले एक युवक द्वारा उनके साथ शराब के नशे में छेड़छाड़ की गई. विरोध करने पर उनके पिता पर तलवार से हमला करने की चेतावनी दी गई. तलवार भी लहराकर दहशत फैलाई गई मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में की गई है. वहीं इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने बताया कि एक आरोपी को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है उन्होंने बताइए कि इसमें अन्य आरोपी भी बढ़ सकते हैं.

# 2 हजार का था लेन-देन, दो दोस्तों ने मिलकर तीसरे को मार डाला

**जंगल में मिली थी लाश, पुलिस ने किये दो आरोपी गिरफ्तार**

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** महज दो हजार रुपए के लेने देने को पनपी रंजिश के चलते दो दोस्तों ने अपने ही साथी की बेरहमी से हत्या कर दी और लाश को जंगल में फेंक दिया इतना ही नहीं मृतक की पहचान छिपाने के लिए आरोपियों ने शव का क्षतविक्षत कर दिया.15 जुलाई की सुबह करीब 8 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि सोजनीखेड़ा के जंगल में एक व्यक्ति का शव पड़ा है. मौके पर पहुंचकर जांच में पता चला कि मृतक संजू लोधी निवासी लोधी मोहल्ला, मधुसूदनगढ़ (गुना) है. शव सड़ी-गली हालत में था, चेहरा और हाथ पत्थरों से कुचला हुआ था. पास में ही मृतक की टूटी-फूटी मोटरसाइकिल प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत होने पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई. हत्या के इस मामले की जांच के लिए कई थानों की पुलिस को तैनात किया गया था.एफएसएल, डॉग स्क्वॉड व सीसीटीवी फुटेज तथा कॉल डिटेल्स के विश्लेषण के आधार पर मृतक के अंतिम बार साथ देखे गए संजय कुशवाहा और धीरज कुशवाहा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि संजू लोधी से पुराना पैसों का विवाद था. संजय कुशवाहा ने उधार के 2000 रुपये चुकाने के बावजूद मृतक द्वारा बार-बार और पैसों की मांग तथा धमकियों से परेशान होकर अपने साथी धीरज के साथ मिलकर उसे जंगल में बीयर पिलाकर, बीयर की बोतल, छुरी और पत्थरों से वार कर हत्या कर दी. शव की पहचान मिटाने के लिए चेहरे और हाथ को बुरी तरह कुचल दिया और मोबाइल भी तोड़ दिया. पुलिस ने आरोपी संजय कुशवाहा पिता रमेश कुशवाहा 19 वर्ष ,धीरज कुशवाहा पिता काशीराम कुशवाहा 18 वर्ष, दोनों निवासी लोधी मोहल्ला, मधुसूदनगढ़, जिला गुना को गिरफ्तार कर लिया.

## साकेत के बच्चों को एसपी ने बताये नशे के दुष्परिणाम



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** साकेत एमजीएम सीसे स्कूल में पुलिस एवं सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त तत्वाधान में नशे से दूरी है जरूरी विषय पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया. जिला पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा नशे के प्रकार, इसका समाज में प्रसार, तथा उनके सेवन से होने वाले दुष्परिणामों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया.देश की युवा शक्ति स्वस्थ एवं बलशाली हो इस भावना से ओतप्रोत उद्बोधन संस्था के चेयरमेन अतुल शाह द्वारा दिया गया. संस्था के चेयरमेन अतुल शाह ने विद्यालय मे तीरंदाजी खेल आरंभ करने की घोषणा की, जिसका शुभारंभ पुलिस अधीक्षक ने तीर चलाकर किया.उल्लेखनीय है कि तीरंदाजी का खेल नगर में प्रथम बार किसी विद्यालय द्वारा प्रांरभ किया गया है.संस्था के डायरेक्टर डॉ. कुशाग्र दीक्षित ने नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे मे अवगत कराया.इस अवसर पर संस्था केचेयरमेन अतुल शाह, डायरेक्टर डॉ. कुशाग्र दीक्षित,बिभास रंजन पाल प्राचार्य साकेत एमजीएमसीसे. स्कूल व प्रकाश शर्मा प्राचार्य साकेत शिशु रंजन उपस्थित रहे.

# झोलाछाप डॉक्टरों की खुलीं क्लीनिक, जान से खेलना हुआ शुरू

**खास बातें**

- हवा हुआ कार्यवाही का दावा, नहीं हुआ असर
- शहर में ही 100 के आसपास चल रहीं झोलाछापों की दुकानदारी

नवभारत न्यूज

**विदिशा, लटेरी मे एक झोलाछाप डाक्टर से इलाज के बाद एक बच्चे की मौत हो गई थी, जिसको लेकर काफी बबाल मचा था, स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन और पुलिस ने झोलाछाप डाक्टर की क्लीनिक को सील कर दिया था. जिसके बाद सीएमएचओ ने दावा किया था कि जिले में संचालित हो रहीं झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाही के लिए मुहिम चलाई जाएगी. जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने सभी ब्लाकों में कार्रवाही भी की थी.**

कुछ दिन तक चली मुहिम की अब हवा निकल चुकी है. ऐसी कई क्लीनिक हैं जिनकों बंद करा दिया गया था लेकिन उनमे से अधिकांश क्लीनिक खुल चुकी हैं. सूत्रों की माने तो विदिशा शहर और आसपास के ही इलाकों में 100 से ज्यादा झोलाछाप डाक्टर क्लीनिक खोलकर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं. बताया गया कि जतरापुरा और रामलीला चौराहे के आसपास ही आधा दर्जन से ज्यादा अवैध तरीके से क्लीनिक खोलकर बिना ड्रिगी धारी डाक्टर इलाज कर रहे हैं. शुक्रवार को रामलील चौराह के पास एक क्लीनिक जिसको पहले सील कर दिया गया था वह क्लीनिक फिर से खुल चुकी है और यहां पर मरीजों का इलाज किया जा रहा है. यहां पर एक महिला का इलाज किया जा रहा था. मरीज महिला को बाटल भी लगाई जा रही थी.

# नंद महोत्सव को लेकर दीं जिम्मेदारियां



नवभारत न्यूज

**विदिशा**, श्री राम जानकी मंदिर माधवगंज पर हिंदू युवा संगठन द्वारा नंद महोत्सव कार्यक्रम की बैठक हुयी. जिसमें संस्थापक नारायण सिंह कुशवाह, चंद्र कुमार शर्मा बल्लू महाराज, समिति के पूर्व अध्यक्षों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से अध्यक्ष जसरूप दांगी संयोजक वीरेंद्र धाकड़ मिर्ची सेठ ,महामंत्री कृष्णा लाहोरी को नियुक्त किया गया. जन्माष्टमी के बाद 20 अगस्त को एक भव्य चल समारोह निकाला जाएगा. जिसमें जिले नगर और ग्रामीण लोगों को आमंत्रित किया जाएगा.

## भजनों पर झूमे श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**मंडीबामोरा,** श्री राम सुंदरकांड मंडल के संचालक रामस्वरूप दुबे की भजन मंडली द्वारा वार्ड क्रमांक 9 में सुंदरकांड और भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति दी. केसरी के लाल मेरा छोटा से ये काम, अपने राम जी से कह देना जयश्रीराम जो खेल गए प्राणों पर श्रीराम के लिए, एक बार तो हाथ उठाओ मेरे हनुमान के लिए सहित अन्य भजनों की प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों ने दी. जिन पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया.वहीं हनुमान भक्तों ने आधी रात तक सुंदरकांड पाठ किया और भजनों को सुना.कार्यक्रम में स्थानीय कलाकर व शिक्षक महेश कुशवाहा, रामवतार, लखन कुशवाहा, सुमित पवार ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी.इस मौके पर सरपंच दामोदर राय, जनपद सदस्य पूरनसिंह रघुवंशी, संतोष सोनी, नीलेश लोधी, विशाल श्रीवास्तव, जुगल सोनी, शिशिर अग्रवाल, पूरनचंद्र सोलंकी, जगदीश अग्रवाल, रिंकू पटेरिया, हरिओम रघुवंशी, कल्याण सिंह रघुवंशी, विनोद राय, श्रीकांत जैन, लक्ष्मीनारायण सोलंकी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे.










